THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. (SATISH SHARMA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) and (d) The geological objectives of drilling the well-were achived at the depth of 5372 m itself, as against targetted depth of 5600 m. Therefore, further drilling was not considered necessary.

(e) No hydrocarbon presence was detected while drilling the well.

रसोई गैस एजेंसियों और पेट्रोल पम्पों को स्थापित किया जाना

1927. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू मंडी जिलों और जनजातीय क्षेत्रों में रसोई गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों की स्थापना हेतु कोई अनुरोध प्राप्त हुए थे ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानों से इस प्रकार की मांग प्राप्त हुई और यह मांग कब की थी; और

(ग) क्या सरकार उन स्थानों पर रसोई गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंप स्थापित करने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गस मंत्रालय के राज्य मंत्री कप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न स्थानों पर नये खुदरा बिक्री केन्द्र और एल पी जी की डिस्ट्रीब्युटरशिपें खोलने के लिये समय-समय पर अनुरोध प्राप्त होते हैं।

(ग) पिछली विपणन योजनाओं से संबंधित चले आ रहे प्रस्तावों के अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश के लिये स्वीकृत "खुदरा बिक्री केन्द्र विपणन योजना 1988-93" में 15 स्थानों को तथा "विपणन योजना 1992-94" में 1 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप को शामिल किया गया है । शिमला, कुल्लू तथा मंडी जिलों में स्वीकृत स्थान निम्नलिखित हैं:-

जिला	स्थान	
	खुदरा बिक्री केंद्र	एलपीजी
शिमला	शिमला बाई पास	शिमला कोटखाई
कुल्लू	पतलीकुल	
मंडी	नरचौक	

तेल क्षेत्रों से कच्चा तेल निकाला जाना

1928. **श्री राम जेठमलानी :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कच्चा तेल निकालने का कार्य सौंपने हेतु निजी क्षेत्र को आमंत्रित करने का निर्णय लिये जाने के पश्चात तेल क्षेत्रों का अभिनिर्धारण किया गया था;

(ख) यदि हां, तो अभिनिर्धारित तेल क्षेत्रों में से बड़े मध्यम और लघु आकार के तेल क्षेत्रों की क्रम-वार संख्या क्या है ;

(ग) क्या इन तेल क्षेत्रों में तेल निकालने का कार्य सौंपने हेतु सरकार द्वारा कोई नियम, शर्तें तैयार की गई हैं ;

(घ) यदि हां, तो विभिन्न प्रकार के तेल क्षेत्रों हेतु तैयार किये गये नियम और शर्तें क्या-क्या हैं ;